FORM NO III

फर्द अहकाम

अज अदालत– उपखण्ड अधिकारी मुकाम– धोद मु. सीकर

ओमप्रकाश तहसीलदार, धोद

किस्म मुकदमा– प्रार्थना–पत्र अ.धा. 136 एल आर एक्ट बनाम मु.नं. 13/2021

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
11.02.2021	प्रार्थी ओमप्रकाश पुत्र रामूराम जाति जाट निवासी चैलासी तहसील धोद जिला सीकर द्वारा आवेदन बाबत दुरूस्ती पेश कर निवेदन किया कि ग्राम चैलासी तहसील धोद के खसरा सं. 26 रकबा 3.5400 हेक्टेयर, खसरा सं. 87/542 रकबा 0.1800 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 3.7200 हेक्टेयर में प्रार्थी का नाम प्रकाश पुत्र रामूराम दर्ज है, जो कि गलत है। जबकि प्रार्थी का सही नाम ओमप्रकाश पुत्र रामूराम है। प्रार्थी के आधार कार्ड व वोटर आईडी कार्ड में भी प्रार्थी नाम ओमप्रकाश पुत्र रामूराम अंकित है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम प्रकाश पुत्र रामूराम के स्थान पर ओमप्रकाश पुत्र रामूराम दुरूस्त किया जावें। प्रकरण में तहसीलदार, धोद से रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार धोद से प्राप्त रिपोर्ट में अंकित किया है कि "ग्राम चैलासी के खसरा सं. 26 रकबा 3.5400 हेक्टेयर, खसरा सं. 87/542 रकबा 0.1800 हेक्टेयर के खातेदार प्रकाश पुत्र रामूराम हि. 1/3 जाति जाट का सही नाम मुताबिक पूछताछ, आधार कार्ड, वोटर आई.डी., राशनकार्ड, पासपोर्ट आदि के ओमप्रकाश पुत्र रामूराम है। अतः प्रार्थी का नाम प्रकाश पुत्र रामूराम के स्थान पर ओमप्रकाश पुत्र रामूराम दुरूस्त किये जाने की अभिशंषा की जाती है।" अतः मुताबिक तहसीलदार, धोद की रिपोर्ट, प्रस्तुत समस्त दस्तावेजों के अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाना उचित है। अतः तहसीलदार, धोद की रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम चैलासी तहसील धोद के खसरा सं. 26 रकबा 3.5400 हेक्टेयर, खसरा सं. 87/542 रकबा 0.1800 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 3.7200 हेक्टेयर में प्रार्थी का नाम प्रकाश पुत्र रामूराम के स्थान पर ओमप्रकाश पुत्र रामूराम दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। पूर्व की प्रविष्टि से किसी तरह की सरकारी, गैर सरकारी बकाया एवं उत्तरदायित्व हो तो उसके निर्वहन एवं अदायगी के लिए प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। तहसीलदार, धोद की रिपोर्ट निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। पालनार्थ तहसीलदार, धोद को लिखा जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हों। उपखण्ड अधिकारी धोद मु. सीकर उपखण्ड अधिकारी धोद मु. सीकर	

Signature Not Verified

Digitally signed by Mithlesh Kumar
Date: 2021.02.22 17:09:14 IST
Reason: SelfAttested